Title: Need to nominate the children of Manjhi Community of Bihar to Physically Educational Colleges with a view to develop their sports potential - Laid.

श्री राजेश कुमार मांझी (गया) : अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य में अनुसूचित जाति में एक जाति मांझी या भूईयां रहती है। ये लोग काफी गठीले, फुर्तीले, बलशाली होते हैं। लेकिन इनके पास पैसे एवं खाने का काफी अभाव रहता है। अगर इनके बच्चों को बचपन से ही ऐसलिंग, बॉक्सिंग, जुड़ो, कबड्डी, धनुर्विद्या (आर्चरी) इत्यादि खेलों की ट्रेनिंग दी जाये तो ये बच्चे बड़े होकर अपने देश के लिए ओलंपिक, एशियाड या कॉमनवेल्थ गेम्स में मैडल जीत सकते हैं और ये उपरोक्त वर्णित खेलों की एक प्रतिभा बनकर देश में उभरेंगे।

मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि खेल मंत्रालय उनके बच्चें के लिए ऐसी व्यवस्था करे और कम से कम प्रत्येक वर्ष 20 बच्चों का सलेक्शन कर, साईं स्पोर्ट स्कूल, लखनऊ और राई में नामांकरन की व्यवस्था करें।